आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.01.2025
समय 7.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –राज्य सरकार सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और जनसांख्यिकी को संरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही।
- प्रदेश स्थित ग्लेशियर झीलों के अध्ययन और उनकी नियमित निगरानी के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की।
- देहरादून में आगामी 12 जनवरी से प्रथम अन्तर्रारष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस महोत्सव का लक्ष्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास करना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करना और ग्रामीण समुदायों के बीच नवाचार को बढ़ावा देना है। 6 दिवसीय महोत्सव का विषय वर्ष 2047 तक विकसित भारत है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देते हुए ग्रामीण जनसंख्या के बीच आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है। महोत्सव के दौरान उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

औद्योगिक व कृषि विकास मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के मलेथा गांव में आयोजित पांच दिवसीय औद्योगिक व कृषि विकास मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने वीर माधोसिंह भंडारी की स्मृति में क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें मलेथा चौराहे का नाम वीर माधोसिंह भंडारी के नाम पर रखने, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, सड़क विस्तार और मंदिर सौंदर्यीकरण शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पलायन रोकने और रोजगार बढ़ाने के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने समान नागरिक संहिता और सख्त भू कानून के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। श्री धामी ने कहा कि सरकार उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और जनसांख्यिकी को संरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

इस कार्यक्रम में विभागीय स्टालों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक झांकियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मतदाता जागरूकता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सतत रूप से चलते रहेंगे। प्रत्येक माह थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी वर्गों के मतदाताओं को कार्यक्रमों से जोड़ने को ध्यान में रखकर थीम कार्यक्रम बनाए गए हैं। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य हर नागरिक को अपने मताधिकार का महत्व को समझाना और उसका उपयोग करने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इन थीम के माध्यम से, साल भर जागरूकता अभियान चलाएंगे। "यह पहल न केवल मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने में सहायक होगी, बल्कि समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में भी योगदान देगी।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

आगामी 12 जनवरी से राजधानी देहरादून में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का आयोजित होगा। सम्मेलन में 17 देशों से प्रवासी उत्तराखंडी प्रतिभाग करेंगे। अब तक 50 से अधिक प्रवासी उत्तराखंडियों ने सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराया। सम्मेलन में प्रदेश में निवेश की संभावनाओं, हॉस्पिटैलिटी–वेलनेस, कौशल विकास, विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा, उद्यान और जड़ी–बूटी से जुड़ी संभावनाओं पर चार अलग–अलग सत्रों में चर्चा की जाएगी। गौरतलब है कि सम्मेलन का उद्देश्य देश विदेश में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडवासियों का विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुभवों का लाभ उठाकर प्रदेश और उनकी आर्थिकी को और अधिक मजबूत करना।

यूएसडीएमए

प्रदेश स्थित ग्लेशियर झीलों के अध्ययन और उनकी नियमित निगरानी के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–यूएसडीएमए ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस दिशा में विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को सहयोग प्रदान करने के लिए यूएसडीएमए समन्वयक की भूमिका निभाएगा। देहरादून में आयोजित में केंद्रीय संस्थाओं के वैज्ञानिकों के साथ आयोजित बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में 13 ग्लेशियर झीलें चिन्हित की गई हैं, जिनमें से पांच को "ए–श्रेणी" में रखा गया है। उन्होंने बताया कि बीते साल एक दल ने चमोली जिले के धौली गंगा बेसिन स्थित वसुधारा झील का सर्वे किया। श्री सुमन ने बताया कि पिथौरागढ़ जिले में स्थित श्रेणी–ए की शेष चार झीलों का सर्वे 2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्लेशियर झीलों की निगरानी के लिए विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर एक फुलप्रूफ सिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

विशेष ट्रेन

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आगामी 13 जनवरी से शुरू हो रहे कुंभ महापर्व के लिए राजधानी देहरादून से फाफामऊ रेलवे स्टेशन तक चलने वाली विशेष आरक्षित रेल में पंजीकरण शुरू हो गया है। इस रेल में एक बार में 1200 यात्री आवागमन कर सकेंगे। मुरादाबाद मंडल के वाणिज्य अधिकारी अभिषेक कुमार के अनुसार जनवरी और फरवरी में दून से फाफामऊ तक ये रेल 06 फेरे करेगी। ये रेल देहरादून रेलवे स्टेशन से 18, 21, 24 जनवरी और 9, 16, 23 फरवरी को सुबह 8:10 बजे रवाना होकर हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली होते हुए रात 11:30 बजे फाफामऊ पहुंचेगी। वहीं फाफामऊ रेलवे स्टेशन से 19, 22, 25 जनवरी और 10, 17, 24 फरवरी को सुबह 6:30 बजे वापसी करेगी और रात 9:30 बजे देहरादून पहुंचेगी।

वहीं नैनीताल जिले के लालकुआँ और कर्नाटक के बंगलुरू के बीच रेलवे एक विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन करने जा रहा है। लालकुआँ–बंगलुरू–लालकुआं एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन आगामी ग्यारह जनवरी से प्रत्येक शनिवार को लालकुआँ से किया जाएगा जबकि बंगलुरू सिटी रेलवे स्टेशन से इस रेलगाड़ी का संचालन आगामी चौदह जनवरी से प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा।

हाईकोर्ट

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की ओर से निकाय व पंचायत चुनाव कराने के लिए 2024 की आरक्षण नियमावली को चुनौती देने वाली अलग अलग याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार सहित राज्य चुनाव आयोग को 48 घंटे के भीतर याचिकाओं में लगाए गए आरोपों पर जवाब दाखिल करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 06 जनवरी की तिथि नियत की है।

अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

देहरादून में आयोजित होने वाले पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ लिया है। दैनिक जागरण इस समाचार पर लिखता है–– अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सत्रह देशों से जुटेंगे प्रवासी उत्तराखंडी। पचास से अधिक प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के लिये अब तक करा चुके हैं पंजीकरण।

प्रदेश की युवा और महिला नीति का ड्राफ्ट तैयार। इस ख़बर को प्रमुखता से देते हुए अमर उजाला ने लिखा है– जनसुझावों के लिये बेवसाइट पर अपलोड होगा प्रस्ताव, मुख्य सचिव करेंगी समीक्षा, युवाओं से भी होगा संवाद।

उत्तराखंड में सहकारिता चुनाव 24–25 फरवरी को। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– 674 सहकारी समितियों के चुनाव पहले चरण में होंगे और शेष एक हजार समितियों के चुनाव की प्रक्रिया बाद में होगी।

देहरादून के रायपुर में अवैध गैस गोदाम सीज होने की ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने लिखा है– लीज समाप्त होने पर भी चल रहे गैस गोदाम पर डीएम की अधिकारियों को फटकार, तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने पर होगा लाइसेंस निरस्त।

राज्य के सभी ग्लेशियर झीलों को होगा व्यापक सर्वे। इस ख़बर पर नवोदय टाइम्स ने लिखा है– वाडिया इंस्टीट्यूट समेत देश के कई वैज्ञानिक संस्थान एक साथ मिलकर करेंगे अध्ययन।

एक अन्य ख़बर पर नवोदय टाइम्स लिखता है कि राज्य के सीमावर्ती वाइब्रेंट विलेज के ग्रामीणों को आईटीबीपी टेली मेडिसिन सुविधा मुहैया कराएगा।